# मेले संस्कृति-परम्पराओं को सहेजने के माध्यम : बहुगुणा

■ निराश्रित पशुओं के संरक्षण के लिए जामक, बगोडी और फोल्ड में बनाए जाएंगे आश्रय स्थल



उत्तरकाशी, 25 फरवरी: कैबिनेट मंत्रीसौरभ बहुगुणा ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति को बढ़ाने, परंपराओं को सहेजने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

बुधवार को डुंडा में आयोजित माँ रेणुका विकास मेले के दूसरे दिन पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मंदिर समिति एवं ग्रामीणों को मेले के भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि हमारी समृद्ध लोक संस्कृति को बचाने और आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। हमारे लो. कगायक एवं लोक कलाकार पीढ़ियों से अपनी कला के माध्यम से संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे कलाकारों का योगदान अमूल्य है।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेले स्थानीय व्यापार, हस्तशिल्प, कृषि एवं पशुपालन से जुड़े उत्पादों के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध कराते हैं। इससे क्षेत्र की आर्थिकी को सीधा लाभ मिलता है और स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि श प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया "वोकल फॉर लोकल" का मंत्र ऐसे आयोजनों से और अधिक प्रेरित होता है, क्योंकि यह स्थानीय उत्पादों और कौशल को बढ़ावा देता है।

उन्होंने कहा कि आईटीबीपी के साथ किए गए करार से दूरस्थ क्षेत्रों की आर्थिकी को मजबूती मिली है। इस पहल के अंतर्गत अब तक उत्तरकाशी जनपद में 2.5 करोड़ रुपये से अधिक के भेड़-बकरी, पोल्ट्री उत्पाद एवं ट्राउट मछली की आपूर्ति की जा चुकी है, जिससे लगभग 400 परिवारों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। यह करार सीमांत क्षेत्रों के उत्पादकों के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन, बकरी पालन एवं पशुपालन के क्षेत्र में हमारी मातृशक्ति का विशेष योगदान है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि निराश्रित पशुओं के संरक्षण के लिये जामक, बगोडी और फोल्ड में 100ख100 पशुओं की क्षमता वाले तीन आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गौ माता को हमारी संस्कृति में माता का दर्जा प्राप्त है और उनका संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर मंत्री द्वारा क्षेत्र की विभिन्न प्रतिभाओ संदीप गुसाईं और सचिन कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नागेन्द्र चौहान, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार, चिन्यालीसौड़ रणवीर सिंह महंत, भटवाड़ी ममता पंवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत, जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, उपजिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा सहित अन्य जनप्रति. निधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे है।इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई है।

# गेंवाली के ग्रामीणों का अनशन छठे दिन भी जारी शासन प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश

■ भिलंगना ब्लॉक में आपदा प्रभावितों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर भूख हड़ताल

पूर्व प्रधान बचन सिंह रावत आमरण अनशन पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना की ग्राम पंचायत गेंवाली के ग्रामीणों का अपनी सात सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकाल. ीन अनशन बुधवार को लगातार छठे दिन भी जारी रहा। अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज ग्रामीण शासन और प्रशासन के खिलाफ लामबंद हो गए हैं।

आंदोलन के तहत पूर्व प्रधान बचन सिंह रावत आमरण अनशन पर डटे हुए हैं जबकि अन्य दस ग्रामीण क्रमिक अनशन के जरिए अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि तहसील बालगंगा के अंतर्गत आने वाला गेंवाली और भिगुन क्षेत्र पिछले दो सालों में दो बार भयानक दैवीय आपदा का दंश झेल चुका है। इन प्राकृतिक आपदाओं ने गांव के बुनियादी ढांचे को तहस नहस कर दिया है।

इसके चलते मोटर मार्ग स्कूल भवन पेयजल लाइनें और उपजाऊ कृषि भूमि पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत आपदा से प्रभावित स्कूल का नवनिर्माण बीएसएनएल टावर लगाना अधूरे पुल का निर्माण कार्य पूरा करना और तिरालीस प्रभावित परिवारों का जल्द से जल्द पुनर्वास शामिल है।

इसके अलावा खेती की जमीन के नुकसान का उचित मुआवजा और पेयजल लाइनों को दोबारा बिछाने की भी पुरजोर मांग की जा रही है। आंदोलनकारियों का सीधा आरोप है कि राहत कार्यों को लेकर जिला प्रशासन के साथ पहले भी कई बार लिखित और मौखिक रूप से समझौते हो चुके हैं लेकिन धरातल पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

राज्य सरकार और प्रशासन के इस सुस्त रवैये के कारण ग्रामीण खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और उन्हें लगातार मुश्किल भरे हालातों से जूझना पड़ रहा है। आमरण अनशन पर बैठे बचन सिंह रावत ने दो टूक चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सभी सात मांगें पूरी नहीं हो जातीं तब तक यह आंदोलन अनवरत चलता रहेगा।

उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि भूख हड़ताल पर बैठे लोगों के जीवन और स्वास्थ्य की पूरी जिम्मेदारी सीधे तौर पर शासन और प्रशासन की होगी

# एचसीसी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने स्थानीय युवाओं को किया बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना में कार्यरत स्थानीय युवाओं को बिना कारण बताए एचसीसी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बाहर कर दिया गया है। जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष पीपलकोटी आरती नवानी ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

टीएचडीसी की कंस्ट्रक्शन कंपनी एचसीसी में स्थानीय युवाओं द्वारा रोजगार कर अपने परिवार का भ्ररण पोषण किया जा रहा था। लेकिन हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बिना कारण बताओ नोटिस के लगभग 10 श्रमिकों को कार्य से हटा दिया गया है।

जिससे स्थानीय युवाओं के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। प्रभावित युवाओं ने आरोप लगाया कि कंपनी का कार्य अभी जारी है बावजूद बिना कारण बताओ नोटिस के ही उन्हें कार्य से बेदखल कर दिया गया है। जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।नगर पंचायत पीपलकोटी अध्यक्ष आरती नवानी ने कहा कि कंपनी द्वारा स्थानीय युवाओं का शोषण किया जा रहा है, लेकिन ये होने नहीं दिया जाएगा।

परियोजना को स्थानीय लोगों ने जल, जंगल, जमीन सब कुछ दिया गया है। परियोजना में बाहरी लोगों को रोजगार मिल रहा है और स्थानीय युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों को जिन्हें हटा दिया गया है काम पर नहीं लिया गया तो परियोजना प्रभावितों द्वारा कंपनी के खिलाफ आंदोलन बड़ा जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# केदारनाथ यात्रा को लेकर तैयारियों का ग्राउंड रिव्यू

■ एसपी ने सिरोबगड़ से गौरीकुण्ड तक किया निरीक्षण,ड्यूटी प्वाइंट्स और भीड़ नियंत्रण पर फोकस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा-2026 को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री नीहारिका तोमर ने जनपद की सीमा सिरोबगड़ से लेकर गौरीकुण्ड तक सम्पूर्ण यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। यात्रा सीजन के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख पड़ावों, पार्किंग स्थलों, हॉल्ट प्वाइंट्स और यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। सिरोबगड़, जवाड़ी, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, स्यालसौड़, ककड़ागाड़, कुंड, कालीमठ तिराहा, गुप्तकाशी, फाटा, दगड़िया बैरियर, रामपुर, सीतापुर, सोनप्रयाग और गौरीकुण्ड सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस ड्यूटी प्वाइंट्स का भौतिक सत्यापन किया गया।एसपी ने निर्देश दिए कि यात्रा काल में चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक डायवर्जन और आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्रिम रणनीति तैयार करने को कहा गया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के लिए पेयजल, शेल्टर और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का आकलन कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।चेक पोस्ट और कोतवाली क्षेत्रों में तैनात होने वाले स्थाई व अस्थाई पुलिस बल की आवासीय व्यवस्था, गुमटी और बैरियर आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए। यात्रा के पीक सीजन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बैरिकेडिंग, संचार उपकरण और आपदा प्रबंधन किट की जरूरत का खाका तैयार करने को कहा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के उपरांत एसपी नीहारिका तोमर ने कहा कि केदारनाथ आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रभावी यातायात प्रबंधन और सुव्यवस्थित ड्यूटी संचालन के माध्यम से यात्रा को निर्बाध बनाया जाएगा।इस दौरान क्षेत्राधिकारी रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल, क्षेत्राधिकारी गुप्तकाशी विकास पुण्डीर, प्रतिसार निरीक्षक/यातायात निरीक्षक कैलाश चन्द्र सहित संबंधित थाना व कोतवाली प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### उत्तराखंड वन विभाग, आर्मी व ग्रामीणों ने गांवों से हटाई लैंटाना घास

**कोटद्वार ।** कालागढ़ टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही और संभावित खतरे को देखते हुए वन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।गांवों के आसपास फैली घनी लैंटाना झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया । जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।लैंटाना की झाड़ियां जंगली जानव. रों के छिपने के लिए सुरक्षित स्थान बन जाती हैं ऐसे में इन झाड़ियों की वजह से न केवल खेतों और आबादी क्षेत्र के पास जानवरों की मौजूदगी बढ़ जाती है, बल्कि ग्रामीणों के लिए अचानक हमले का खतरा भी बना रहता है। इसी खतरे को कम करने के उद्देश्य से वन विभाग की टीम ने गांवों के बाहरी क्षेत्रों में सफाई अभियान शुरू किया गया ।

### थलीसैंण में बहुउद्देश्यीय शिविर में 27 शिकायतें दर्ज, 138 लोग लाभान्वित

कोटद्वार । मुख्यमंत्री के निर्देशन में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड थलीसैंण की स्योली तल्ली पंचायत भवन में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 27 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्णा त्रिपाठी ने की। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का त्वरित समाधान कराया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके गांव तक पहुंचाना है, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान भी समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करें। शिविर के दौरान 138 पात्र लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, राजस्व, वन, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, पशुपालन, कृषि, उद्यान सहित कुल 23 विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी और सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर नोडल अधिकारी शिविर एवं अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई मुकेश दत्त, खंड विकास अधिकारी टीकाराम कोठियाल, नायब तहसीलदार सुदामा सिंह रावत, पूर्ति निरीक्षक हमेंद्र कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रीति गौतम, ग्राम विकास अधिकारी सुष्मिता रावत समेत अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### जल संस्थान के दबाव से नागरिक मंच में आक्रोश जलकर माफ करने की उठी मांग

**नई टिहरी।** नागरिक मंच नई टिहरी की एक अहम बैठक बौराड़ी मिलन केंद्र में अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान पानी और विद्युत जलकर शुल्क को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर गहरा असंतोष जताया गया। बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि साल 2019 में तत्कालीन पेयजल मंत्री प्रकाश पंत ने मंच के साथ बातचीत के बाद 2018 तक के सभी जलकर माफ करने के निर्देश दिए थे।उस समय भविष्य के लिए एक कैबिनेट स्तर की उप समिति बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया था लेकिन मंत्री के निधन के बाद इस मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका। अब जल संस्थान बेवजह दबाव बनाकर प्रभावितों से जल शुल्क वसूलने पर आमादा है। इसके विरोध में मंच ने बीते 19 फरवरी को जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन भी भेजा है। अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल ने याद दिलाया कि हनुमंत राव कमेटी की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि प्रभावितों और विस्थापितों को मुफ्त पेयजल व रियायती दरों पर बिजली दी जाए।

# समाज को दिया सकारात्मक संदेश मांस मदिरा मुक्त हुआ विवाह समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई टिहरी।** समाज में बढ़ती नशे की लत के बीच एक परिवार ने अपनी बेटी की शादी पूरी तरह से मांस मदिरा मुक्त वातावरण में संपन्न कराकर एक सकारात्मक पहल की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रंजन भंडारी और संगीता भंडारी ने अपनी बेटी आंचल भंडारी का विवाह सादगी और पारिवारिक मर्यादाओं के साथ किया। इस पहल ने समाज के सामने एक बेहतरीन और अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। आंचल का विवाह चंबा के दियाल गांव निवासी राजवीर सिंह रावत और गीता देवी के बेटे विवेक रावत के साथ वैदिक रीति रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ।

विवाह समारोह में दिखावे और नशे से दूर रहकर भारतीय संस्कारों को प्राथमिकता दी गई जिसकी वहां मौजूद सभी लोगों ने जमकर सराहना की। वधू पक्ष मूल रूप से प्रतापनगर के पड़िया गांव का रहने वाला है और वर्तमान में उनका परिवार नई टिहरी के बौराड़ी में निवास कर रहा है।

इस मौके पर शराब नहीं संस्कार मुहिम के संयोजक सुशील बहुगुणा और उनकी टीम भी मौजूद रही। उन्होंने नशामुक्त विवाह का शानदार संदेश देने के लिए नववधू आंचल को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि विवाह जैसे पवित्र रिश्ते और संस्कार में नशे के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। आज के समय में यह बेहद जरूरी हो गया है कि समाज अपनी पुरानी और संस्कारयुक्त परंपराओं की ओर वापस लौटे।

# सहकारिता मेले में बंटे 73 लाख के चेक

**नई टिहरी।** अन्तर्राष्ट्रीय सहका. रिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में सहकारिता विभाग और जिला सहकारी बैंक द्वारा बादशाहीथौल के नंदा की छैली खेल मैदान में आयोजित एक सप्ताह का सहका. रिता मेला 26 फरवरी तक चलेगा। पर्यावरण संरक्षण एवं ईको टूरिज्म थीम पर आधारित इस मेले का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को जन जन तक पहुंचाना है। मेले के चौथे दिन की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी और अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ सहकार विनोद रतूड़ी ने शिरकत की। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष रमोला और उदय रावत सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत जिला सहायक निबंधक नरेंद्रपाल सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने किया।

# एलयूसीसी से रकम वापस को लेकर महिलाओं की पदयात्रा रोकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**श्रीनगर।** द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एण्ड थ्रिफ्ट को-ऑऑपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) में जमा धनराशि की शीघ्र वापसी, सीबीआई जांच की समय-सीमा तय करने तथा महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने की मांग को लेकर बुधवार को श्रीनगर व आसपास क्षेत्र की महिलाओं ने पदयात्रा निकाली। नारी क्रांति मानव चेतना नागरिक एकता संगठन के बैनर तले गढ़वाल मंडल महिला प्रकोष्ठ, उत्तराखंड क्रांति दल अध्यक्ष सरस्वती देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित करना था, लेकिन श्रीनगर पुलिस ने आक्रोशित महिलाओं को महिला थाना श्रीनगर के समीप रोक दिया।

इस दौरान महिलाओं और पुलिस के बीच आपसी नोंक झोंक भी देखने को मिली, लेकिन पुलिस की ओर से बैरियर लगाकर महिलाओं को आगे बढ़ने नहीं दिया गया।आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि एलयूसीसी कम्पनी आम लोगों के जमा राशि को लूटकर भाग चुकी है, लेकिन सरकार सिर्फ सीबीआई जाँच की बात कर पीड़ित लोगों के साथ आश्वासन दे रही है।

कहा कि निवेशकों के द्वारा उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है जिससे उनकी आम दिनचर्या प्रभावित हो चुकी है। बताया कि प्रदेश भर में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

पदयात्रा पर निकली महिलाओं को समर्थन देने पहुंचे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रताप भंडारी जाने को पुलिस ने हिरासत में लिया और कानूनी कार्रवाई की।दूसरी ओर पदयात्रा पर निकली महिलाओं बद्रीनाथ राजमार्ग पर धरना देकर आक्रोश जताते हुए आम. लोगों के साथ हुई ठगी में जमा धनराशि को वापस किये जाने और महिलाओं की सुरक्षा किये जाने की मांग की गई।मौके पर गंगा भंडारी, सुमन, लक्ष्मी देवी, रेखा, दीप्ति, जानकी बुटोला, राजेश कुमार, ओंकार सिंह पटवाल आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान सिल्ला ने गांव की महिलाओं के साथ चलाया स्वच्छता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाड़ी / उत्तरकाशी :** विकास खण्ड भटवाड़ी के नाल्ड कठूर पट्टी में ग्राम पंचायत सिल्ला में ग्राम प्रधान सिल्ला ने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया । जिसमें मात्र शक्ति द्वारा गांव को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए यह निर्णय लिया गया कि गांव में वह जब भी समय लगेगा गांव में स्वच्छता कार्यक्रम कर गांव की साफ-सफाई में विशेष ध्यान देगी ताकि गांव में गन्दगी न हो और स्वच्छता एवं खुशहाली बनी रहें ।

वहीं भारतीय जनता पार्टी भटवाड़ी मण्डल महामंत्री विनोद रावत के द्वारा बताया गया कि महिलाओं के द्वारा वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें समस्त महिलाओं ने योगदान दिया जिससे आने वाले समय गांव में स्वच्छता बनी रहेगी

वही इस पहल के लिए ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी द्वारा सभी ग्रामीणों के सहयोग, समर्पण और जागरूकता के कारण गांव को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। आप सभी ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नारी शक्ति संकल्प लेती है तो सकारात्मक परिवर्तन निश्चित होता है।

# कालीमठ घाटी की कुणजेठी ग्राम पंचायत का बड़ा ऐलान

■ गांव में अब शराब पूरी तरह बंद

सार्वजनिक आयोजनों में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर 21 हजार का तगड़ा जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जनपद के दूरस्थ क्षेत्र कालीमठ घाटी की ग्राम पंचायत कुणजेठी ने नशा मुक्ति को लेकर ऐतिहासिक और सख्त फैसला लेते हुए पूरे क्षेत्र में मजबूत संदेश दिया है। महिला मंगल दल और युवक मंगल दल ने ग्राम प्रधान अनिल आर्य के नेतृत्व में आयोजित ग्राम सभा की आम बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांव में अब किसी भी सार्वजनिक आयोजन चाहे शादी हो, सगाई हो या कोई अन्य सामूहिक कार्यक्रम में शराब पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

ग्रामसभा में साफ शब्दों में तय किया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान या सार्वजनिक कार्यक्रम में शराब परोसते या सेवन करते हुए पकड़ा जाता है, तो उस पर ग्राम समिति की ओर से तत्काल 21,000 का जुर्माना लगाया जाएगा। इस निर्णय को गांव के सामाजिक अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में "जीरो टॉलरेंस नीति" के रूप में देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे के कारण पारिवारिक विवाद, आर्थिक नुकसान और सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याएं बढ़ रही थीं, जिन्हें रोकने के लिए यह सख्त कदम उठाना जरूरी हो गया था।

निर्णय के बाद महिला मंगल दल की महिलाओं ने पूरे गांव में जागरूकता रैली निकालकर नशा मुक्त गांव बनाने का संकल्प दो. हराया। "नशा छोड़ो, गांव जोड़ो" और "स्वस्थ समाज, मजबूत भविष्य" जैसे नारों से गांव की गलियां गूंज उठीं। महिलाओं ने युवाओं से नशे से दूर रहकर गांव के विकास में भागीदार बनने की अपील की। महिला मंगल दल की अध्यक्ष दीपा देवी ने कहा कि नशा परिवार और समाज दोनों के लिए घातक है। गांव को नशा मुक्त बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में महिला मंगल दल की समस्त महिलाएं एवं युवक मंगल दल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

डीएम ने की पहल की सराहना

रुर्द्रप्रयाग। इस संबंध में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, ने ग्रामीणों की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक निर्णय सामाजिक माहौल को सकारात्मक बनाए रखते हैं और गांवों में स्वस्थ वातावरण स्थापित करने में मददगार साबित होते हैं।

कुणजेठी की इस पहल की पूरे जनपद में चर्चा है। सामाजिक संगठनों ने इसे अन्य ग्राम सभाओं के लिए प्रेरणादायी मॉडल बताया। अब देखना यह होगा कि यह सख्त निर्णय अन्य गांवों में भी नशा मुक्ति की मुहिम को कितना बल देता है।

# चमोली पुलिस ने युवाओं को दिया डिजिटल सुरक्षा का मंत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**युवाओं को साइबर अपराध एवं नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से चमोली पुलिस की साइबर सेल टीम द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोपेश्वर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल दीपक कुकरेती एवं कांस्टेबल चंदन नगरकोटी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी फर्जी बैंक कॉल, केवाईसी अपडेट, पार्ट टाइम जॉब, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से युवाओं को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने समझाया कि छोटी सी लाप. रवाही आर्थिक नुकसान और मान. सिक परेशानी का कारण बन सकती है।पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को सुरक्षित पासवर्ड बनाने, दो-स्तरीय सुरक्षा (2थ) का उपयोग करने, सार्वजनिक वाई-फाई पर सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गति. विधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या पुलिस को देने की सलाह दी।कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनएचएम के तहत संचालित योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचे। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करने को कहा गया।



जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के संबंध में विशेष निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में घर पर प्रसव न हो तथा सभी गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी बच्चों के पूर्ण टीकाकरण पर जोर देते हुए कहा कि विशेष रूप से मलिन बस्तियों एवं श्रमिक परिवारों के बच्चों का अनिवार्य टीकाकरण किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे। साथ ही पीसीपीएनडीटी एक्ट के कड़ाई से पालन के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में कोई भी अल्ट्रासाउंड केंद्र बिना लाइसेंस संचालित न हो तथा समय-समय पर उनका निरीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को ही कार्ड जारी करने, बच्चों को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा सभी बच्चों के हेल्थ कार्ड बनाने हेतु गांव-गांव शिविर आयोजित करने के लिए रोस्टर जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य केंद्रों की तकनीकी एवं वित्तीय प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण बनाने पर बल दिया। इस दौरान डॉ. कोमल ने एनएचएम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रुड़की डॉ. अरविंद मिश्रा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर तालियांन, खानपुर इंचार्ज प्रदीप सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधीक्षक, एनएचएम कार्यक्रम प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अवैध प्लाटिंग पर एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

# पूरनपुर सल्लाहपुर में 105 बीघा भूमि पर चला बुलडोजर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने पूरनपुर सल्लाहपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 105 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं पुलिस को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ पूरनपुर सल्लाहपुर क्षेत्र में



पहुंचकर अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 105 बीघा भूमि पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद अवैध कब्जों को हटाया गया। प्रशासन ने इस दौरान क्षेत्र के तीन चक्र मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया, जिससे आवागमन सुचारू हो सके। लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा इन मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की जा रही थी। उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध कब्जा या प्लाटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## पुलिस ने जनपद में शुरू किया सघन सत्यापन अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने पूरे जिले में सघन सत्यापन अभियान शुरू किया है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रों में किरायेदारों, बाहरी व्यक्तियों, घरेलू नौकरों और फड़-ठेली संचालकों का सत्यापन किया जा रहा है। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की अलग-अलग टीमें घर-घर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच कर रही हैं। बिना सत्यापन के किरायेदार रखने वाले मकान मालिकों पर पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है और कोर्ट चालान भी किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान कई लोगों के मौके पर चालान किए गए हैं। सत्यापन न कराने वाले मकान मालिकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

## फेरुपुर चौकी पर चलाया वाहन चौकिंग अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने फेरुपुर चौकी पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन बिना हेलमेट, बिना नम्बर प्लेट व एक वाहन पर तीन सवारी वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, बिना आरसी चालको के वाहनों को सघनता के साथ चेक किया गया चौकिंग के दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा वाहन चालक दूर से ही चौकिंग अभियान को देखकर लोग रास्ता बदलकर भागते हुए नजर आए। पुलिस के अनुसार फेरूपुर चौकी पर बुधवार को चौकिंग अभियान चलाया गया जिसमे यातायात नियमो का पालन नही करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सघनता से जांच की गई जिसमें बिना कागजात ओर एक बाईक पर 3 सवार या बिना हेलमेट के सड़क पर चलने वालो के खिलाफ कार्यवाही की गई। ओर वाहन



चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई है। चौकी प्रभारी विपिन कुमार ने बताया बुधवार को चौकिंग अभियान चलाया गया जिसमे यातायात नियमों के पालन एव सडक दुर्घटनाओं से बचने के लिए जानकारी दी गई है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

## पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम आयुर्वेदिक यूनानी कॉलेज पदार्था में आयोजित

### महिलाओं व बालिकाओं ने किया बढ़ चढकर प्रतिभाग

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद पदार्था में पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम आयुर्वैदिक युनानी कॉलेज मे आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों, गौरा शक्ति एप्प, उत्तराखंड पुलिस एप्प, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 1090/1091 साइबर अपराध से बचाव, हेल्पलाइन 1930, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बिना संकोच पुलिस से



संपर्क करें। पुलिस सदैव आपकी सहायता एवं सुरक्षा के लिए तत्पर है। साथ ही आत्मरक्षा के सामान्य उपायों एवं सतर्कता संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए । स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सुरक्षा एवं विश्वास बढ़ाने वाला कदम बताया की पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही गई।

## ऊर्जा विभाग ने बकायदारों के काटे कनेक्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विद्युत बिलों का भुगतान जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ ज्वालापुर ऊर्जा विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को ज्वालापुर के मोहल्ला धिरवाली एवं इत्यादि क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए। इस संबंध में अवर अभियंता मनोज कुमार टांक ने बताया कि विद्युत विभाग पर उपभोक्ताओं के करोड़ों रुपये बकाया हैं। बकाया वसूली के लिए अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिल जमा नहीं किया है, उनके कनेक्शन काटने के साथ ही मीटर भी जब्त किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि असुविधा से बचने के लिए शीघ्र बिजली बिल जमा कर दें। अन्यथा बकाया बिल को राजस्व विभाग को आरसी के रूप में भेज दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी



संबंधित उपभोक्ता की होगी। अभियान के दौरान लाइनमैन श्रवण कुमार गिरी, सुशील कुमार, फरमान राव, संजय चौहान, अतुल कुमार और अजमल अंसारी सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

# महानगर कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग व स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा विधायक सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ मारपीट कर रहे हैं जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है तथा सभ्य समाज में इस प्रकार की हिंसक घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। पूर्व अध्यक्ष ओपी चौहान और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से भूमाफिया, खनन माफिया, शिक्षा माफिया हावी हैं, वह उत्तराखंड जैसे शांत प्रदेश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। वरिष्ठ नेता अशोक



शर्मा और महेश प्रताप राणा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था अपने न्यूनतम स्तर पर है। जिससे आमजन असुरक्षित महसूस कर रहा है। पार्षद महावीर वशिष्ठ और विवेक भूषण विक्की ने कहा कि हर घर नल योजना के बावजूद राज्य का हर हिस्सा पेयजल की समस्या से परेशान हैं। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा और महानगर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि सत्ता के संरक्षण में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मारपीट हो रही है। जोकि बेहद शर्मनाक है। महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव और पार्षद हिमांशु गुप्ता ने कहा कि उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ मारपीट की घटनाओं से साफ है कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। वरिष्ठ श्रमिक नेता विकास सिंह और पार्षद सोहित सेठी ने कहा कि भाजपा सरकार में कर्मचारियों के साथ हिंसक घटनाएं घट रही है जिससे लोकतंत्र को नुकसान पहुंच रहा है। प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद सुनील कुमार सिंह, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष ज्वालापुर अंकित चौहान, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस रचना शर्मा, प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस नलिनी दीक्षित, हिमांशु राजपूत, अजय गिरी, अनंत पाण्डेय, अरूण चौहान, आशीष पंवार, सीपी सिंह, गौरव गोस्वामी, मोहित अरियाल, दिव्यांश अग्रवाल, मोहित गर्ग, आशीष प्रधान, बन्नी ठाकुर, प्रदीप भाटिया, अयान सैफी, जावेद खान, अरविंद कुमार आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## नाबालिक छात्रा लापता, गुमशुदगी दर्द

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जमालपुर कलां स्थित एक कॉलोनी निवासी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उनकी पुत्री कक्षा 11 की छात्रा है। 23 फरवरी को घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद वह नाराज थी। 24 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे उसने मेरठ स्थित मौसी-मौसा के घर जाने की बात कहकर घर से निकल गई। लेकिन वह मेरठ नहीं पहुंची तो परिजनों ने रिश्तेदारों से संपर्क किया। वहां से भी उसके पहुंचने की पुष्टि नहीं हुई, जिसके बाद परिवार में चिंता बढ़ गई। कनखल थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, पांच पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र में देर रात एक तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा में आकर मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में हनुमानगढ़ी कनखल निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनका भाई अरुण 20 फरवरी की रात को अपनी दुकान से घर लौट रहा था। वह ललतारो पुल से होते हुए बंगाली मोड़ स्थित गीता मंदिर के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो कार ने तेज गति से गलत साइड में आकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अरुण के दाहिने पैर में दो स्थानों पर फ्रैक्चर हो गया, जबकि सिर, आंख और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। सिर और आंख के पास गहरी चोट लगने के कारण टांके लगाने पड़े। परिजन उसे पहले एम्स ऋषिकेश ले गए, जहां से हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। इसके बाद धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। कनखल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वाहन की पहचान कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष रविश भटीजा के संयोजन में ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पूर्व राज्य मंत्री संजय पालीवाल व पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि रक्तदाता को भी स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिलता है। नलिनी दीक्षित ने कहा कि रक्त दान महादान है रक्त दान करने से किसी के प्राणों की रक्षा होती है। ब्लड बैंक के डा. रविंद्र चौहान ने कहा कि रक्तदान करने से बीपी, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, वी.डी.आर.एल की जांच होती है। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है।

## आदेश चौहान ने तीन सड़क निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने अपने विधानसभा क्षेत्र में बनने वाली तीन प्रमुख सड़क निर्माण योजनाओं का पूजन कर शुभारंभ कराया। लगभग 40 लाख रुपये की लागत से रावली महदूद के राजपूत विहार, शिवालिक नगर नगरपालिका के वार्ड 12 स्थित देवनगर तथा बहादराबाद क्षेत्र में हाईवे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व थाना बहादराबाद तक सड़क निर्माण कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि सरकार क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा।



क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्यों के शुभारंभ पर विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रावली महदूद प्रमोद पाल, ग्राम प्रधान बहादराबाद नीरज चौहान, नगरपालिका शिवालिकनगर सभासद गरिमा सिंह, चमन चौहान, सहकारी समिति चेयरमैन अनिल चौहान, वरूण वशिष्ठ, चेतन चौहान, ईश्वर चौहान, सुनील कुमार, शोभित चौहान, सूरज नेगी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा चुनाव के लिए पेश की दावेदारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह, प्रदेश सचिव सुनीता सिंह एवं वरिष्ठ नेता तेलूराम प्रधान ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी पेश की। ज्वालापुर में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में नेताओं ने कहा कि चुनाव में दावेदारी करना सभी का अधिकार है, जबकि प्रत्याशी चयन का अंतिम निर्णय संगठन व आलाकमान द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के बाद सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर उसके समर्थन में कार्य करेंगे। बैठक में भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देते 7 गिरफ्तार, आरोपियों में 4 युवतियां शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में मूल परीक्षार्थियों के स्थान पर परीक्षा देने के मामले में रानीपुर कोतवाली पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 4 युवतियां शामिल हैं। मंगलवार को राजकीय इण्टर कालेज सलेमपुर महदूद में हाईस्कूल की हिन्दी परीक्षा में आठ छात्र-छात्राएं दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गए थे। एक आरोपी मौके से फरार हो गया था। आरोपी मूल परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पर अपनी फोटो चस्पा कर परीक्षा दे रहे थे। कक्ष निरीक्षक को संदेह होने पर जब जांच की गयी तो इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।



विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र द्विवेदी ने रानीपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुलफाम पुत्र मौ. युसुफ निवासी चमरिया लालढांग, कृष्ण पाल पुत्र माम चन्द निवासी रावली महदूद, कैफ पुत्र मौ. जावेद निवासी सुल्तानपुर तथा 4 युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। फरार हुए आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस टीम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा, एसएसआई प्रदीप कुमार, एसआई मंदीप सिंह, कां. संजय बलूनी, गंभीर तोमर, दीप गौड़, म.कां. अनीता व सुमन शामिल रहे।

## संत समाज ने ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर महंत जानकी दास को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर महंत जानकी दास की पुण्यतिथि पर संत समाज ने भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पंचमुखी हनुमान मंदिर भूपतवाला में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन लक्ष्मी निवास आश्रम के परमाध्यक्ष महंत गणेशदास महाराज ने किया।

श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए महंत परमेश्वर दास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत जानकी दास महाराज त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। उनका त्यागमय जीवन और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि महंत गणेशदास महाराज जिस प्रकार अपने गुरुदेव के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं, वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। महंत रघुवीर दास ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत जानकी दास महाराज परम विद्वान और तपस्वी संत थे। उनके बताए मार्ग पर चलकर मानव कल्याण में योगदान देना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। स्वामी रामेश्वर दास एवं स्वामी अयोध्याचार्य महाराज ने कहा कि गुरुओं के प्रति श्रद्धा और उनकी शिक्षाओं का अनुसरण आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है तथा महंत गणेशदास महाराज की अपने गुरु के प्रति निष्ठा सराहनीय है। कार्यक्रम में महंत गणेशदास एवं महंत श्याम दास महाराज ने पुष्पमाला पहनाकर संतों का स्वागत किया। महंत गणेशदास महाराज ने सभी संतों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य गुरुदेव की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए आश्रम की सेवा परंपरा का विस्तार और समाज में धर्म व अध्यात्म का प्रचार-प्रसार करना ही उनका उद्देश्य है। इस अवसर पर महंत नारायण दास पटवारी, महंत श्याम दास, स्वामी शिवानंद, महंत सूरज दास, महंत दुर्गादास, महंत प्रह्लाद दास, महंत प्रेमदास, महंत बिहारी शरण, महंत जयराम दास, स्वामी चिदविलासानंद, महंत प्रमोद दास, महंत अंकित शरण, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी दिनेश दास, महंत किशन दास, महंत कमल मुनि, पंडित वीरेंद्र तिवारी, महंत रघुवर दास सहित बड़ी संख्या में संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# होली के बहाने राजनीतिक दल शक्ति प्रदर्शन में जुटे

### भाजपा-कांग्रेस की व्यापक भीड़ जुटाने की तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार में विधानसभा चुनाव से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपना शक्ति प्रदर्शन शुरू कर दिया है। होली के बहाने भी जनसमूह जुटाकर विपक्ष के होश फाख्ता करने की तैयारी है।

हरिद्वार में 1 मार्च को भाजपा और कांग्रेस के होली मिलन समारोह रखे गए हैं। भाजपा का आयोजन ऋषिकुल मैदान में है तो कांग्रेस ने अलग-अलग दो बैंकट हॉल में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ जुटाने की तैयारी की है। दोनों दल फिलहाल भीड़ जुटाकर जन प्रदर्शन में एक दूसरे को मात देने की तैयारी में हैं हालांकि भाजपा की तैयारियां कहीं अधिक संगठित रूप से चलती दिखाई दे रही हैं। इसका बड़ा कारण ये है कि विधानसभा स्तर के होली मिलन समारोह पर हरिद्वार से पांच





बार के विधायक मदन कौशिक स्वयं नजर रखे हैं। उनके समर्थकों की पूरी फौज इस आयोजन को सफल बनाने में जुटी है। इसके लिए पूरी विधानसभा में बूथ स्तर तक के प्रभारियों को भीड़ जुटाने के टास्क दिये गये हैं। भीड़ जुटाने का लक्ष्य पूरा करने में विधायक जी को मैयर का भी सहयोग मिल रहा है। इस लिहाज से नगर विधायक मदन कौशिक का यह आयोजन भीड़ की दृष्टि से उल्लेखनीय रहने वाला है। नगर विधायक के आयोजन में हरिद्वार सांसद तो कांग्रेस के आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल मौजूद रहेंगे। समारोह को लेकर नगर विधायक के अभिन्न सहयोगी व कार्यक्रम संयोजक विकास तिवारी ने बताया कि इसबार कार्यक्रम में बरसाने की टोलियां भी विशेष आकर्षण होगी, जिससे भीड़ के पुराने रिकॉर्ड टूटेंगे। वहीं कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने बताया कि रणनीतिक दृष्टि से कांग्रेस ने दो अलग-अलग कार्यक्रम रखे हैं। दोनों कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### होली-दीवाली पर बिछती है विधायक की बिसात

**हरिद्वार।** नगर विधायक मदन कौशिक पिछले ढाई दशक से अपने विरोधियों पर भारी हैं। इस दौरान हुए पांच विधानसभा चुनाव में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ने पूर्व चेयरमैन पारस कुमार जैन व सतपाल ब्रह्मचारी (मौजूदा सांसद) तथा संस्कृत अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जैसे सूरमाओं को उनके सामने उतारा लेकिन सभी ढेर हो गए। माना जाता है कि नगर विधायक हर वर्ष होने वाले अपने होली, दीवाली, रक्षाबंधन जैसे समारोह से जनता से सीधे जुड़े रहते हैं और यह आयोजन ही उनकी जीत का आधार तैयार करते हैं।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में देर रात एक तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा में आकर मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में हनुमानगढ़ी कनखल निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनका भाई अरुण 20 फरवरी की रात को अपनी दुकान से घर लौट रहा था। वह ललतारो पुल से होते हुए बंगाली मोड़ स्थित गीता मंदिर के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो कार ने तेज गति से गलत साइड में आकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अरुण के दाहिने पैर में दो स्थानों पर फ्रैक्चर हो गया, जबकि सिर, आंख और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। सिर और आंख के पास गहरी चोट लगने के कारण टांके लगाने पड़े। परिजन उसे पहले एम्स ऋषिकेश ले गए, जहां से हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। इसके बाद धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। कनखल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वाहन की पहचान कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# मेला ग्राउंड में बन रहे नवनिर्मित पार्क की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**जनउपयोगिता पर दिया गया जोर, 97 लाख रुपये की लागत से विकसित हो रहा नवनिर्मित पार्क, गुणवत्ता, हरियाली और सार्वजनिक सुविधा संरक्षण पर विशेष ध्यान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला।** पूर्व शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की पहल से वार्ड नंबर 11 दशहरा मेला ग्राउंड में 97 लाख रुपये की लागत से विकसित किए जा रहे नवनिर्मित पार्क की व्यवस्थाओं का पात्र दशहरा मेला एवं क्रीड़ा समिति के सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पार्क को एक सुरक्षित, स्वच्छ और जनोपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में विक. सित करने पर विशेष जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान पार्क में आम नागरिकों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओंख़्हरियाली, बैठने की समुचित व्यवस्था, पैदल पथ, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता तथा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने सुझाव दिया कि पार्क को इस प्रकार विकसित किया जाए, जिससे यह बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और आम नागरिकों सभी के लिए उपयोगी एवं सुरक्षित बन सके।

नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि पात्र दशहरा मेला एवं क्रीड़ा समिति पिछले लगभग 30 वर्षों से दशहरा मेले का कार्यक्रम आयोजित कर नगर की पहचान रही है। उन्होंने समिति के सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल की मूल भावना को बनाए रखते हुए यहां ऐसा पार्क विकसित किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों और नागरिक विश्राम का केंद्र बने। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की प्राथमिकता है कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण हो और आमजन को एक स्वच्छ एवं सुरक्षित सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि दशहरा मेला ग्राउंड में बिजली की चाक चौबंद व्यवस्था कराई जाएगी।

पात्र दशहरा एवं क्रीड़ा समिति के सचिव राजेंद्र वर्मा ने कहा कि दशहरा मेला ग्राउंड को बचाने और इसके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए समिति के द्वारा पिछले तीन दशकों से निरंतर संघर्ष और प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह ग्राउंड केवल एक खुला मैदान नहीं, बल्कि नगर की सामूहिक स्मृतियों और सामाजिक जीवन का अहम केंद्र रहा है।

नवनिर्मित पार्क के तैयार होने से नागरिकों को एक बेहतर, शांत और हरित वातावरण मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान प्रबुद्ध नागरिकों ने यह भी सुझाव दिया कि पार्क के नियमित रखरखाव के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से इसे सुरक्षित रखा जाए। समिति सदस्यों ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि पार्क को शीघ्र ही आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा, जिससे नगरवासियों को एक सुव्यवस्थित और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल मिल सके।

इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष दामन बाली, सभासद अमित कुमार, अभिषेक अग्रवाल, अनिल महावर, भारत गुप्ता, राजेश सिंगारी, इलम चंद, एडवोकेट विनीत लोधी, अरविंद कुमार,जतिन साहनी, गौरव लोधी,संदीप विश्वकर्मा, नगर पालिका अवर अभियंता अखिलेश खंडूरी आदि मौजूद रहे।

# साहिया में दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

साहिया। सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में आज दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। 11 दिसंबर को आयोजित पंजीकरण एवं परीक्षण शिविर में चयनित लाभार्थियों को आज सहायक उपकरण प्रदान किए गए। सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, जिला प्रशासन देहरादून तथा समाज कल्याण विभाग, देहरादून के सहयोग से महाविद्यालय में विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें 200 दिव्यांग. जनों ने पंजीकरण कराया। विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जाँच एवं परीक्षण के उपरांत पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया, ताकि उन्हें आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें।

बुधवार को आयोजित वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कालसी विकासखंड के बीडीओ जगत सिंह एवं साहिया कॉलेज के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने चयनित 200 लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंदों तक सीधा लाभ पहुँचाना है। उन्होंने जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समावेशन को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा दिव्यांग. जनों के कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में उपकरण प्राप्त कर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया।

# ब्लॉक समन्वयक ने ग्राम मलेथा गमरी में किया स्थलीय निरीक्षण, कार्यकत्रियों को दिए निर्देश

**नवजात व मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष जोर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आशा कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हेतु ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा ने विकासखंड चकराता के ग्राम मलेथा गमरी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवजात शिशु देखभाल एवं बाल्यकाल स्वास्थ्य सेवाओं के तहत आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे गृह भ्रमणों की गुणवत्ता और समयबद्धता का गहन परीक्षण किया गया।

ब्लॉक समन्वयक राणा ने लाभार्थियों के घर-घर जाकर आशा डायरी का मिलान किया तथा यह सुनिश्चित किया कि आशा कार्यकर्ता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने दौरे पूर्ण कर रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि नवजात शिशु एवं प्रसूता माताओं की जांच में किसी प्रकार की देरी न हो और सभी गृह भ्रमण तय समयसीमा में पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कम वजन वाले एवं कमजोर (एल.बी.डब्ल्यू.) बच्चों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी शिशु में बीमारी या खतरे के लक्षण दिखाई दें तो उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में रेफर किया जाए।

राणा ने माताओं को छह माह तक केवल स्तनपान कराने, बच्चों के नियमित टीकाकरण तथा स्वयं के संतुलित व पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराना ही आशा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, ताकि कोई भी नवजात या माता स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया तथा भविष्य में और अधिक सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के सुझाव दिए गए। निरीक्षण के दौरान बलवीर सिंह रावत, आशा कार्यकर्ता शर्मिला नेगी, प्रमिला देवी, सपना सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा निदेशालय में हुई अभद्रता के खिलाफ भड़के कर्मचारी, तीसरे दिन भी कार्य बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देहरादून स्थित प्राथमिक शिक्षा निदेशालय में बीते इक्कीस फरवरी को अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट और अभद्रता के विरोध में प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर नरेंद्रनगर स्थित मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों शिक्षकों और कर्मचारियों ने जोरदार धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और अपना आक्रोश व्यक्त किया।

आंदोलन कर रहे कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि प्राथमिक शिक्षा निदेशक और मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों के साथ घटी इस निंदनीय घटना के आरोपियों के खिलाफ प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। एजुक. ेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन की टिहरी शाखा के जिला सचिव जसपाल केमवाल के नेतृत्व में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक स्पष्ट एसओपी जारी की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को पूरी तरह से रोका जा सके।

संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो इस आंदोलन को और भी उग्र रूप दिया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक सचिव विपुल सेमवाल वित्त एवं लेखाधिकारी कैलाशचंद्र आर्य दिनेश रावत स्वरूप जोशी अनिल पैन्यूली दिग. ंबर मैठाणी जितेंद्र बिष्ट ओमप्रकाश सेमवाल गंगा प्रसाद तिवारी कुल. वीर रमोला कल्पना पूजा कश्यप प्रीति रानी सरद अग्रवाल संध्या अवस्थी और शिखा अग्रवाल सहित कई कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# विकासनगर में शिक्षा निदेशक प्रकरण पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**शिक्षा निदेशक के साथ मारपीट की घटना सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरणः संजय**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड के विक. ासनगर में आज कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षा निदेशक के साथ हुई कथित मारपीट के मामले में विधायक उमेश शर्मा काऊ की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय किशोर के नेतृत्व में प्रति. निधिमंडल ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विकासनगर में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने विधायक के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह की घटना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि शिक्षा निदेशक के साथ मारपीट की घटना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण भी है। कांग्रेस नेताओं ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजते हुए विधायक की तत्काल गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यालय परिसर के बाहर काफी देर तक नारेबाजी होती रही। प्रदर्शन करने वालों में हर्षल शर्मा, शम्मी प्रकाश आदि कांग्रेसी शामिल रहे।

# मदननेगी में इसी सत्र से शुरू होंगी केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी बांध प्रभावित क्षेत्र मदननेगी में इसी शैक्षिक सत्र से केंद्रीय विद्यालय का संचालन शुरू होने जा रहा है। विद्यालय की अस्थाई कक्षाओं के लिए डायट भवन और उसके छात्रावास की मरम्मत का कार्य अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है।

अब तक चौदह कमरे पूरी तरह से तैयार कर लिए गए हैं जिससे उम्मीद जगी है कि नए सत्र से यहां विधिवत रूप से पठन पाठन का कार्य आरंभ हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने विद्यालय के स्थाई भवन निर्माण के लिए एक दशमलव चार शून्य शून्य हेक्टेयर सरकारी भूमि भी केंद्रीय विद्यालय संगठन को हस्तांतरित कर दी है जिसे बनने में करीब दो साल का वक्त लग सकता है।जाखणीधार के ब्लॉक प्रमुख राजेश नौटियाल ने बुधवार को पूर्व राज्यमंत्री प्रेमदत्त जुयाल भाजपा महामंत्री बलवंत रावत और मंडल अध्यक्ष रमेश रतूड़ी के साथ मदननेगी पहुंचकर मरम्मत कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। राजेश नौटियाल ने बताया कि बीते जनवरी माह में केंद्रीय विद्यालय संगठन और सीपीडब्ल्यूडी की टीम ने निरीक्षण कर जो भी सुझाव दिए थे उन्हें जिलाधिकारी के सहयोग से पूरा कर लिया गया है। परिसर में विद्युत ट्रांसफार्मर और लाइन को भी शिफ्ट कर दिया गया है तथा मार्च महीने तक सभी कार्य पूरे होने की पूरी संभावना है।मदननेगी में इस केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के साथ ही टिहरी विधानसभा के चाह गडोलियाला न्याय पंचायत क्षेत्र के छात्र छात्राओं को उच्च स्तर की गुणवत्तापरक शिक्षा ग्रहण करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

# पुलिस न पांच वारंटी किए गिरफ्तार

**विकासनगर।** वारंटियों के विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही में कोतवाली विकासनगर पुलिस द्वारा 5 वारंटियों शशि प्रकाश ध्यानी पुत्र सोहनलाल ध्यान निवासी सरस्वती बिहार डाकपत्थर, दीपक कुमार पुत्र गुमान सिंह निवासी बाढ़वाला, सागर सोदेव पुत्र जगदीश उर्फ गुड्डू निवासी बदमावाला विकासनगर, रमन अरोड़ा पुत्र कश्मीरी लाल निवासी इंदिरा उद्यान रोड विक. ासनगर, रजत अरोड़ा पुत्र प्रेम अरोड़ा निवासी बाजार विकासनगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वारंटियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में उ0नि0 संदीप पंवार चौकी प्रभारी डाकपत्थर, उपनिरीक्षक मयंक त्यागी चौकी प्रभारी बाजार कोतवाली विकासनगर, उपनिरीक्षक राजेंद्र पवार कोतवाली विकासनगर, सिपाही पवन, पदम, लोकेंद्र शामिल रहे।

# चकराता महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने समाज उपयोगी वैज्ञानिक मॉडलों को प्रस्तुत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह चकराता महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय द्वारा मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आशुतोष शरण के प्रेरक संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु प्रवृत्ति विकसित करने, प्रयोगों में रुचि लेने और दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संच. ालन डॉ. सुदीप्ता कंडारी ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता की प्रक्रिया, नियमों और मॉडल प्रस्तुति के दौरान समस्त गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन एवं निरीक्षण किया।इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत के लिए उत्प्रेरक" रही। थीम के अनुरूप विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भरता, तकनीकी नवाचार और समाजोपयोगी वैज्ञानिक मॉडलों को प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, स्मार्ट सिटी, रोबोटिक्स और स्वास्थ्य विज्ञान जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए गए।मॉडलों का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ० शिवांगी उपाध्याय, डॉ० नवीन चंद एवं डॉ० अनुज कुमार द्वारा किया गया। मूल्यांकन में रचनात्मकता, वैज्ञानिक सिद्धांतों की स्पष्टता, प्रस्तुति शैली, उपयोगिता और नवाचार को आधार बनाया गया। प्रतियोगिता में बीएससी षष्ठम सेमेस्टर के राहुल ने प्रथम, चतुर्थ सेमेस्टर के समीर ने द्वितीय तथा द्वितीय सेमेस्टर की सानवी वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ० यशवीर रावत, डॉ० शिवांगी उपाध्याय, डॉ० नवीन चंद, डॉ० अनुज कुमार, डॉ० पवन दास, डॉ० सुमेरचंद, अंकुर शर्मा, मनीष कुमार, आशीष राणा, अर्जुन सिंह सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए आयुष विंग सम्मानित

**शाह टाइम्स संवादददाता**

**नई टिहरी।** जिला मुख्यालय स्थित बौराड़ी अस्पताल के आयुष विंग को उनके शानदार काम के लिए सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने इस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर उनके काम की सराहना की है। यह सम्मान उन्हें पिछले साल इक्कीस जून को हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और सक्रिय भागीदारी के लिए दिया गया है।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने योग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल स्वास्थ्य की रक्षा करने का तरीका नहीं है बल्कि हमारी पूरी जीवनशैली को संतुलित रखने का एक बहुत ही कारगर साधन है। उन्होंने आयुष विंग की टीम की तारीफ करते हुए उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी इसी लगन और निष्ठा के साथ अपना काम करते रहेंगे। योग दिवस को सफल बनाने में इस टीम की मेहनत को प्रशासन स्तर पर सराहा गया है।

इस सम्मान समारोह में कुल ग्यारह अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र सौंपे गए। सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सत्यबीर रावत और सिद्धि मिश्रा के साथ ही चिकित्साधिकारी कर्ण पाल सिंह विनोद रावत व पंकज रतूड़ी शामिल हैं। इनके अलावा मुख्य फार्मेसी अधिकारी बीपी बडोनी मनोज धिरवाण पंचकर्म सहायक रजनी सेमवाल योग सहायक वैशाली जुयाल तथा सेवक रघुवीर सिंह गुसाईं व सरिता खरोला को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान मिला है।

# कीर्तिनगर में बढ़ती वन्य जीव-मानव संघर्ष पर किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** कीर्तिनगर और देवप्रयाग क्षेत्र में बढ़ती गुलदार की घटनाओं को लेकर गंभीरता दिखाते हुए नरेंद्रनगर वन प्रभाग ने मलेथा स्थित एक निजी होटल में व्यापक कार्यशाला आयोजित की। वन विभाग, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और मीडिया विशेषज्ञों की उपस्थिति में समस्या के व्यावहा. रिक समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। मुंबई से आए मीडिया विशेषज्ञ विराट सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में एआई आधारित भ्रामक पोस्ट और अपुष्ट सूचनाएं लोगों में अनावश्यक भय पैदा कर देती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे संवेदनशील मामलों में मीडिया की जिम्मेदारी तथ्यों पर आधारित और संतुलित जानकारी देने की है, ताकि दहशत नहीं बल्कि जागरूकता फैले। तितली ट्रस्ट के संजय सोनी ने वन्य जीव-मानव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विभागीय प्रयासों के साथ-साथ आमजन की सहभागिता अनिवार्य है। कहा कि आपसी समन्वय और जनजागरूकता ही स्थायी समाधान है। उन्होंने कहा नगर पालिका परिषद देवप्रयाग की अध्यक्ष ममता देवी ने स्वच्छता और सतर्कता पर जोर देते हुए लोगों से घरों के आसपास कूड़ा जमा न करने और झाड़ियों की नियमित सफाई करने की अपील की। कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां भी बड़ी घटनाओं को रोक सकती हैं। नरेंद्रनगर वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी दिगांत नायक ने क्षेत्रवासियों से वन विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित देवप्रयाग के विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि वन विभाग और स्थानीय जनता के संयुक्त प्रयासों से ही ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी विधानसभा सत्र में उत्तराखंड सरकार से त्वरित प्रतिक्रिया (आरआर) टीम के गठन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। कार्यशाला में प्रमुख देवप्रयाग विना. ेद बिष्ट, एसडीओ सुरेंद्र चंद्र पैन्यूली, वन क्षेत्राधिकारी देवप्रयाग मदन रावत, वन क्षेत्राधिकारी कीर्तिनगर संजय बेलवाल, प्रधान संगठन अध्यक्ष कीर्तिनगर वासुदेव भट्ट, प्रधान लक्ष्मोली सुरेश सिंह सहित अनेक अधिकारी, जनप्रति. निधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एकात्म निकेतन में गूंज रहे शिव के जयकारे, भक्तिमय हुई पूरी केदारघाटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** हिमालय की गोद और बाबा केदार के सानिध्य में स्थित पावन धाम सतढुंग महादेव मंदिर, हाट (एकात्म निकेतन) इन दिनों पूरी तरह शिवमय हो उठा है। यहां आयोजित 11 दिवसीय शिव महापुराण कथा एवं रुद्र महायज्ञ ने समूची केदारघाटी को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया है।

भोर की पहली किरण के साथ शुरू होने वाला रुद्राभिषेक और देर शाम तक चलने वाले भजन-कीर्तन से क्षेत्र का पग-पग भक्तिमय बना हुआ है।



अनुष्ठान के तहत प्रतिदिन विधिवत गणेश पूजन, पंचांग पूजन और नवग्रह पूजन संपंन किया जा रहा है। महायज्ञ की महत्ता बताते हुए यज्ञाचार्यों ने कहा कि प्रतिदिन हवन कुंड में विशेष आहुतियां अर्पित की जा रही हैं। मान्यता है कि इस महायज्ञ से न केवल क्षेत्र में सुख-समृद्धि आएगी, बल्कि संतु. लित वर्षा, रोगों से मुक्ति और समाज में आपसी सद्भाव की स्थापना भी होगी। विद्वान आचार्यों की वेद ऋचाओं और महिलाओं के पारंपरिक धार्मिक भजनों ने पूरे वातावरण को दिव्य बना दिया है।

कथा के आठवें दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक आचार्य दिनेश चन्द्र भट्ट ने भगवान शिव के कल्याणकारी स्वरूप का भावपूर्ण चित्रण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिव महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करने का दिव्य साधन है। उन्होंने आगे कहा, "भगवान शिव संहार के देवता होते हुए भी सृष्टि के संतुलन और संरक्षण के प्रतीक हैं। समुद्र मंथन के समय लोक कल्याण के लिए विषपान कर 'नीलकंठ' बनने वाले महादेव मानवता के लिए त्याग और समर्पण की सर्वोच्च मिसाल हैं।" आचार्य ने शिव को आदि योगी और आदि गुरु बताते हुए उनके सरल और भोले स्वरूप की महिमा का बखान किया।

सामाजिक कार्यकर्ता अनिल जिरवाण ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केदारघाटी जैसे तपोभूमि क्षेत्र में ऐसे आयोजन विशेष फलदायी होते हैं। उन्होंने बताया कि सुबह रुद्राभिषेक, दोपहर में कथा और संध्याकाल में महाआरती के आयोजन से पूरी घाटी शिवमय है। यह आयोजन न केवल धार्मिक चेतना जगाता है, बल्कि सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करता है। शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन आचार्य विजय बेजवाल की ओर से पुराण पारायण किया जा रहा है ।इस दौरान ग्राम प्रधान हाट श्रीमती संजू गोस्वामी, अध्यक्ष रामचंद्र गोस्वामी, उपाध्यक्ष भूपेंद्र नेगी, मंत्री विजय बेजवाल, सचिव बुद्धि बल्लभ गोस्वामी, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद गोस्वामी। बिक्रम राणा, शिशुपाल रावत और ओम गोस्वामी सहित समस्त क्षेत्रवासी अपना विशेष सहयोग दे रहे हैं।

# गांधी पार्क से इंडिया गठबंधन का अल्टीमेटम

**■ 30 अप्रैल तक मालिकाना हक दें, वरना 1 मई से तेज होगा आंदोलन**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** गांधी पार्क में आयोजित धरने के बाद इण्डिया गठबंधन ने राज्य सरकार को 30 अप्रैल तक का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि बिन्दुखत्ता, बापूग्राम, पुछड़ी, बागजाला और बग्गा चौव्वन समेत अन्य क्षेत्रों के लोगों को मालिकाना हक नहीं दिया गया तो 1 मई मजदूर दिवस से आंदोलन तेज किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 26 दिसंबर 2016 के कैबिनेट निर्णय में 10 बिंदुओं के तहत भूमिधरी अधिकार देने का फैसला लिया गया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने उस पर अमल नहीं किया। उन्होंने आरा. प लगाया कि मुख्यमंत्री जनता को गुमराह कर रहे हैं और अब इण्डिया गठबंधन संयुक्त रूप से संघर्ष करेगा। मुख्यमंत्री को सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मांग की गई कि बिन्दुखत्ता, बापूग्राम सहित सभी खत्तों, गोठों, टौंगिया गांवों, इंदि. राग्राम, गांधीग्राम व हरिग्राम को राजस्व गांव का दर्जा दिया जाए। टिहरी डैम विस्थापितों, वन गुज्जरों और मलिन बस्तियों में रह रहे लोगों को 2016 के कानून के अनुसार मालिकाना हक प्रदान किया जाए।



समाजवादी पार्टी के डॉ. एस.एन. सचान ने सरकार पर पूंजीपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाया। भाकपा के समर भंडारी ने कहा कि सरकार कॉरपोरेट के लिए जमीन जुटा रही है। माले के इन्द्रेश मैखूरी ने अदालत के आदेशों की गलत व्याख्या कर जनता को डराने का आरोप लगाया, जबकि माकपा के सुरेन्द्र सजवाण ने एलिवेटेड रोड के नाम पर जबरन विस्थापन का मुद्दा उठाया।

धरने में विभिन्न दलों के नेताओं सहित सैकड़ों लोग तख्तियां लेकर शामिल हुए और मालिकाना हक की मांग दोहराई।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री शूरवीर सजवाण, सुरेन्द्र सजवाण, समर भण्ड़ारी, इंद्रेष मैखूरी, जगदीष कुकरेती, एस एस जरवार, जगमो. हन मेहन्दीरत्ता, राजेन्द्र सिंह नेगी, ड़ीड़ी डंगवाल, हेमा बोरा, अतुल शर्मा, संजय शर्मा, अरविन्द आर्य, बिन्दुखत्ता लालकुऑ से कुदन सिंह, गिरधर बम, जयेन्द्र रमोला, नंदन, हेमवती नंद दुर्गपाल, दिनेश चन्द मास्टर जी, विरेन्द्र पोखरियाल, शंकर गोपाल, प्रवीण त्यागी, नीनू सहगल, सुमित्रा ध्यानी, नजमा खान, अनुराधा तिवारी, सुरेन्द्र सिंह नेगी, चन्द्रकला नेगी, ओमप्रकाश सत्ती बब्बन व राजकुमार जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# प्रमाण–आधारित भारतीय चिकित्सा को विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

## शोध और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित चिकित्सा विज्ञान और वैदिक सनातन ज्ञान का संगम ही भविष्य की चिकित्सा पद्धति की दिशा सुनिश्चित कर सकता है : स्वामी रामदेव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पतंजलि अनुसन्धान संस्थान और पतंजलि विश्विद्यालय के तत्वाधान में आज 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन पूर्ण हुआ। इस सम्मेलन के माध्यम से विश्व को यह स्पष्ट संदेश प्रदान किया गया कि पारंपरिक उपचार पद्धतियां केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक परीक्षण और प्रमाण के माध्यम से भविष्य की वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त आधार बन सकती हैं।

इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पेरूजिया विश्वविद्यालय, इटली और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलोजी के प्रेजिडेंट, प्रोफेसर डोमेनिको विटोरियो डेलफिनो, कोट दश्अजूर विश्वविद्यालय, फ्रांस से प्रोफेसर लुई–फेलिक्स नॉटियस, ग्राज विश्विद्यालय, आस्ट्रिया से प्रोफेसर रुडोल्फ बाउर, नीदरलैंड्स से एल्सेवियर प्रकाशन की सीनियर पब्लिशर, प्रोफेसर ऐन मैरी शोनी–पोरडॉन, माए फा लुआंग विश्विद्यालय, थाईलैंड से प्रोफेसर तिडारैट डुआंग्योट, सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलोजीके संस्थापक पुलक के मुखर्जी, कल्याणी से प्रोफेसर वाईके गुप्ता, ऋषिकेश की प्रोफेसर मीनू सिंह औरउनके साथ प्रोफेसर पुनीत धामिजा, नई दिल्ली से प्रोफेसर (मेजर)एमडी, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल , मुंबई से प्रोफेसर विक्रम गोटा आदि देश–विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लेकर आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और चिकित्सा के समन्वय पर गहन मंथन किया।



इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामद. व ने इस सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शोध और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित चिकित्सा विज्ञान और वैदिक सनातन ज्ञान का संगम ही भविष्य की चिकित्सा पद्धति की दिशा सुनिश्चित कर सकता है। हजारों वर्षों से संरक्षित भारतीय चिकित्सा ज्ञान को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है और पतंजलि एक वैश्विक केंद्र के रूप में प्रमाण–आधारित भारतीय चिकित्सा को विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि विश्वभर में आयुर्वेद और सिद्ध चिकित्सा पद्धति के साथ ही यूनानी, मिस्र, ग्रीक, तिब्बती, चीनी, जापानी, कोरियाई चिकित्सा पद्धति विद्यमान है, आवश्यकता है इन चिकित्सा पद्धतियों को शोध और साइंटिफिक वैलिडेशन के साथ विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने की, जिससे एक होलिस्टिक और प्रिवेंटिव हेल्थ केयर मॉडल और ग्लोबल हेल्थ का एक सशक्त माध्यम बन सके जिससे जनमानस को रोगों के लिए एक सुगम, सुरक्षित, सुलभ समाधान मिले। सम्मेलन में प्रख्यात नैदानिकवैज्ञानिक डॉ, वाईके गुप्ता ने ज्ञान के आयामों को अत्यंत सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए कहा कि कहा कि वास्तविक शोध वहीं से प्रारंभ होता है जहां स्वीकार किया जाता है कि अभी बहुत कुछ अज्ञात है। यही दृष्टकोण एविडेंस–बेस्ड आयुर्वेद की आधारशिला है।

स्वामी जी एवं आचार्य जी के मार्गदर्शन में आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करने की दिशा में पतंजलि द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। पतंजलि का यह दृटकोण केवल परंपरागत ज्ञान को संरक्षित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे आधुनिक शोध पद्धतियों के माध्यम से प्रमाणित कर वैश्विक चिकित्सा मंच पर स्थापित करने का प्रयास है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा कि पतंजलि आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और आधुनिक चिकित्सा के समन्वय की दिशा में कार्यरत है। यह त्रिकोणीय मॉडल भविष्य की औषधि खोज का सशक्त माध्यम बन सकता है, जहां पारंपरिक ज्ञान प्रारंभिक संकेतों को आधार बना कर आधु. निक प्रयोगशालाओं के माध्यम से उन्हें प्रमाणित किया जा सकता है एवं पतंजलि उसके लिए कार्यरत है।

यह संदेश दिया कि जब प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर परखा जाता है, तब वह और अधिक सशक्त होकर उभरता है। पतंजलि के प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान–प्रदान नहीं, अपितु भविष्य की स्वास्थ्य क्रांति का प्रारंभिक उद्घोष है, जहां 'प्लांट्स टू पेशेंट्स' की अवधारणा वास्तव में साकार हो रही है।

# स्वामी विवेकानंद ई–लाइब्रेरी योजना के माध्यम से मिलेगी ई–बुक की सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद ई–लाइब्रेरी योजना के तहत इ बुक उपलब्ध करने के सन्दर्भ में दो दिवसीय बैठक (24–25 फरवरी 2026) आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। बैठक के प्रथम दिवस में राज्य के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से विज्ञान एवं तकनीकी वर्ग के 25 विषयों के लिए 85 विषय विशेषज्ञ शामिल हुए वही द्वितीय दिवस में कला, मानविकी और वाणिज्य वर्ग के 21 विषयों के 70 विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया । एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मानक पुस्तकों पर विस्तार से विचार–विमर्श करते हुए उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों हेतु पुष्तकों की अनुशंषा की गयी। विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि चयनित पुस्तकें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बहुविषयक, कौशल आधारित और शोध उन्मुख दृष्टिकोण के अनुरूप हों, ताकि राज्य के विद्यार्थियों को आधुनिक और उपयोगी अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सके। उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा, "स्वामी विवेकानंद ई–लाइब्रेरी योजना राज्य में डिजिटल शिक्षा संसाधनों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# आपराधिक मामले की कार्रवाई पर लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चंपावत जिले के पंचायत चुनाव से जुड़े आपराधिक मामले की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकल पीठ ने महेंद्र सिंह ढेक और अन्य द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। मामला अगस्त 2025 में एक महिला द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि आरोपी ने उनके घर का दरवा. जा तोड़कर हमला किया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल–9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी पी0एन0बी0 हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेट शाखा देहरादून के उपभोक्ता श्री नितिन पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सैंज, पोस्ट जाखपटियों, जाख लग्गा, जिला चमोली के द्वारा अपनी माता श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सैंज, पोस्ट जाखपटियों, जाख लग्गा, जिला चमोली के नाम पर एक भूमि जिसका भूमि जिसका खाता नं0 722, खसरा सं0 742 में रकबा 101.54 वर्गमीटर यानि 121.40 वर्गगज स्थित मौजा लिस्ट्राबादग्रान्ट, परगना परवादून, तहसील ऋषिकेश, जिला देहरादून में उक्त भूमि क्रय करने हेतु पी0एन0बी0 हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड से ऋण प्राप्त करना चाहता है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में श्री नारायण सिंह पुत्र श्री बचन सिंह निवासी–मकान नं0 601, स्ट्रीट नं 02. शहीद भगत सिंह नगर, ढंढरा रोड़ गिल, लुधियाना, पंजाब के नाम पर दर्ज है तथा श्री नारायण सिंह ने उक्त भूमि पूर्व में श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री त्रिलोक सिंह से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की है जिसका पंजीकरण उपनिबन्धक कार्यालय ऋषिकेश के अभिलेखों में बही नं0 01, जिल्द 9322, पृष्ठ 317 से 342 में क्रमांक 13129 पर दिनांक 23.10.2024 को दर्ज व पंजीकृत है तथा श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री त्रिलोक सिंह ने उक्त भूमि पूर्व में श्रीमती ऋतु नेगी पत्नी श्री धनेन्द्र सिंह नेगी से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की है जिसका पंजीकरण उपनिबन्धक कार्यालय ऋषिकेश के अभिलेखों में बही नं0 01, जिल्द 7930, पृष्ठ 319 से 344 में क्रमांक 5651 पर दिनांक 12.05.2023 को दर्ज व पंजीकृत है तथा श्रीमती ऋतु नेगी पत्नी श्री धनेन्द्र सिंह नेगी ने उक्त भूमि पूर्व में श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री केदार सिंह से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की है जिसका पंजीकरण उपनिबन्धक कार्यालय ऋषिकेश के अभिलेखों में बही नं0 01, जिल्द 6629, पृष्ठ 225 से 250 में क्रमांक 11692 पर दिनांक 03.12.2021 को दर्ज व पंजी त है तथा श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री केदार सिह ने उक्त भूमि पूर्व में श्री शैलेन्द्र मोहन रतूड़ी पुत्र श्री रमेश दत्त से पंजी त विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की है जिसका पंजीकरण उपनिबन्धक कार्यालय ऋषिकेश, जिला देहरादून के अभिलेखों में बही नं0 01, जिल्द 5471, पृष्ठ 25 से 48 में क्रमांक 350 पर दिनांक 14.01.2020 को दर्ज व पंजीकृत है।

यह कि श्री नारायण सिंह पुत्र श्री बचन सिंह ने घोषणा की है कि उसके द्वारा क्रय की गयी उक्त भूमि का पूर्व का विक्रय पत्र सं0 350 दिनाँकित 14.01.2020 जो कि श्री शैलेन्द्र मोहन रतूड़ी पुत्र श्री रमेश दत्त ने श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री केदार सिंह के हक में अंकित व निष्पादित किया था शपथकर्ता से दिनश्कक 10.12.2025 को रानीपोखरी क्षेत्र में कहीं खो गया हैं तथा काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिल पा रहा है जिसकी गुमशुदगी की सूचना श्री नारायण सिंह पुत्र श्री बचन सिंह ने सम्बन्धित पुलिस थाने में दिनाँक 18.02.2026 को दर्ज कर दी है। उक्त दशा में मेरे व्यवहारी के द्वारा उक्त गुमशुदा मूल दस्तावेज के बगैर उक्त सम्पत्ति को बन्छ एक रखकर ऋण देना तय किया है।

यदि किसी बैंक, व्यक्ति या संस्था का उपरोक्त भूमि / सम्पत्ति को बन्धक रखे जाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा है तो मुझे नीचे दिये गये पते पर सम्बन्धिक दस्तावेज के साथ प्रकाशन के 7 (सात) दिनों में मुझसे सम्पर्क करें। इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा और पी0एन0बी0 हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित ऋण वितरित कर दिया जायेगा।

दिनांक– 20.02.2026 राजपाल सिंह बिष्ट एडवोकेट, चैंबर नंबर 22 कोर्ट कम्पाउण्ड, ऋषिकेश जिला देहरादून। मो0–9997306072.

## सार्वजनिक सूचना

मैंने अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B20240590069000 8448 व पंजीकरण दिनांक 23.10. 2024 में नाम **इवान कपिल** दर्ज है जो कि गलत है जबकि सही नाम वेदांश कपिल (VEDANSH KAPIL) है। भविष्य में मेरे पुत्र को **वेदांश कपिल** के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**गौरव कपिल पुत्र राजेश कपिल**
पश्चिमी अंबर तालाब रुड़की हरिद्वार उत्तराखंड।

## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं, संजय सेठी, बी–16, साउथ सिटी, रायबरेली रोड, लखनऊ, निजी कारणों से देहरादून नगर निगम द्वारा जारी अपने पुत्र के जन्म प्रमाणपत्रः बी2006 1111233 को रद्द करवाना चाहता हूँ। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह इस प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर देहरादून नगर निगम को लिखित में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता/सकती है।

kotak

## सूचना

आपको सूचित किया जाता है कि हमारी **आरा बाजार शाखा, अप्रैल 2026** में स्थानांतरित होकर **प्लॉट नंबर 48/15, सहारनपुर रोड, लक्ष्मण चौक, देहरादून, 248001, उत्तराखंड** पर कार्य करेगी।

मौजूदा लॉकर भी नए पते पर स्थानांतरित किए जाएंगे।

किसी भी जानकारी के लिए शाखा प्रबंधक से संपर्क करें।

**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रूड़की

e-mail ID - cdpwdroorkee@yahoo.com Fax No. : 01332-279215

### ई– निविदा सूचना

पत्रांक : 362 /2ए दिनांक : 25/02/2026

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लो0नि0वि0, रूड़की, द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग (सिंगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आईटम रेट के आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना **http://www.uktenders.gov.in** पर दिनांक 12.03.2026 से उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा में ग्राम लाठरदेवा शेख में सड़क सुरक्षा हेतु प्राथमिक विद्यालय से खाले तक नाला निर्माण कार्य। | 110000.00 | 3000.00 + 18% GST | 6 माह | 90 दिन | मार्ग कार्य हेतु 'डी' एवं उच्चतर में पंजीकृत |
| 2 | राज्य योजना वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा में ग्राम गदरजुड्डा में मुख्य मार्ग श्री शेर सिंह के खेत से श्री दीपक के खेत होते हुए श्रीमती सुमित्रा के खेत तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 96000.00 | 2500.00 + 18% GST | 6 माह | 90 दिन | मार्ग कार्य हेतु 'डी' एवं उच्चतर में पंजीकृत |

**नोट** :–निविदादाता को सभी अभिलेख ऑनलाईन अपलोड करने है, कार्यालय में कोई भी अभिलेख मूल में जमा नहीं किया जाना है।

1. निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 4 के अनुसार ई–चालान जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रूड़की के पक्ष में करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र की लागत का चालान Ukosh के माध्यम से मद संख्या (Head of Account) 0059018000600 में एवं जी0एस0टी0 का चालान GSTIN NO. 05AAAGE0691N1ZC पर ऑनलाईन जमा करना होगा एवं Scanned Copy अपलोड करनी होगी।
2. निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जो ₹ 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 1.00 के रैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर एवं कार्य का नाम सहित 90 दिन वैधता की अवधि इंगित करते हुये प्रमाण पत्र।
3. निर्धारित धरोहर धनराशि, जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रूड़की के नाम बन्धक हो।
4. फर्म के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रति संलग्न करनी आवश्यक होगी।
5. निविदादाता उत्तराखण्ड का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है, जिस हेतु स्थाई/मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है। निविदादाता का उत्तराखण्ड का स्थाई निवासी न होने की दशा में 51 प्रतिशत या उससे अधिक की भागीदारी स्थाई निवासी फर्म की होनी अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. उक्त निविदा दिनांक 27.03.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक ऑनलॉईन बेबसाईट पर अपलोड की जा सकेगी एवं दिनांक 27.03.2026 को अपराह्न 3:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेगें।
7. किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त करने का अधिकार रहेगा। इस संबंध में किसी का कोई भी दावा मान्य नही होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रूड़की

## कार्यालय परियोजना प्रबन्धक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) उत्तराखण्ड पेयजल निगम बड़कोट–249141

pmgangabarkot@gmail.com

पत्रांक 88 B/वि.वि. 05 दिनांक 13.02.26

### संशोधित निविदा सूचना

पत्रांक सं. 87/विविध –5/02 दिनांक 11.02.2026 के क्रम में सूचित करना है। कि निविदा जो कि दिनांक 27.02.2025 को अपराह् 5.00 बजे आमंत्रित की गई थी जिसमें आंशिक संशोधन करते हुये सूची में निविदा की तिथि 28.03.2026 के स्थान पर 28.02.2026 पढा जाय। शेष नियम व शर्ते पूर्व की भाँति यथावत रहेगी।

शेष नियम व शर्ते पूर्व पत्रानुसार रहेगी।

**( मानविरेन्द्र सिंह कफोला )**
**परियोजना प्रबन्ध**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी

दूरभाष नं.:-0135-2632251 फैक्स स. 0135-2632039, E-mail:- nppmussoorie@gmail.com

पत्राक 3318/E.O/अ.अ./2025-26 दिनांक 24.02.26

### कोटेशन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मसूरी कार्यालय उपयोग हेतु स्टेशनरी सामग्री क्रय करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/ फर्मो से दिनांक 11.03.2026 को समय दोपहर 2 बजे तक कोटेशन आमन्त्रित करती है। प्राप्त कोटेशनों को दिनांक 11.03.2026 को सांय 03:00 बजे कोटेशनदाता/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशन के साथ रू. 5000/– की एफ.डी.आर./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मसूरी के नाम से प्लेज्ड हो संलग्न करना अनिवार्य है। पालिका के पास किसी भी कोटशन को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**सामग्री का विवरणः–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रिम A4-400 नग | रिम A5-20 नग | रिम Legal-10 नग | टैग गुच्छी– 1000 नग |
| पैन नीले–200 नग | पैन लाल–100 नग | पैन एड़ जैल–200 नग | नीलगगन डायरी–100 नग |
| रजिस्टर 2 क्वायर–50 नग | रजिस्टर 4 क्वायर–50 नग | रजिस्टर 6 क्वायर–50 नग | गार्ड फाईल–200 नग |
| बोरर –50 नग | ग्लोसी पेपर–50 पैकेट | प्लास्टिक फॉल्डर फाईल 100 नग | कैल्कुलैटर–20 नग |
| स्टॉक रजिस्टर 20 नग | कार्बन – 20 पैकेट | डम्पर–20 नग | स्टेपलर छोटे–20 नग बडे–10 नग |
| स्टेपलर पिन छोटी– 50 पैकेट बड़ी– 50 पैकेट | आलपिन–50 पैकेट | झाडन–20 पैकेट | डिस्पेचर रजिस्टर–20 नग |
| पेन्सिल–20 पैकेट | फिटा–10 पैकेट | ईक पैड–50 नग | गोंद की शीशी–50नग गोंद की शीशी छोटी–50 नग |
| मार्कर–10 पैकेट | लिफाफे–2000 | विन्डो लिफाफे–2000 | |

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद, मसूरी**

